केन्द्रीय विद्यालय ऋषिकेश
KENDRIYA VIDYALAYA RISHIKESH
पिन कोड – 249202 (उत्तराखंड)
सी.बी.एस.ई. सम्बध्दता संख्या/CBSE Affiliation No.- 3500034
वेबसाइट/Website - https://rishikesh.kvs.ac.in
ईमेल/Email -kvrishikesh1392@gmail.com
फोन नं./Phone No - 0135-2973317

फा /के .वि /ऋषिकेश/2025-26/ दिनांक – 03/04/2025

प्रभागीय वन अधिकारी
देहरादून वन विभाग, तिलक रोड
देहरादून ।

**जनपद चेहरावून वन प्रभाग के अन्तर्गत ऋषिकेश के आई०डी०पी०एल० (वीरभद्र) परिसर कक्ष सं0-1 में पूर्व से चल रहे केन्द्रीय विद्यालय के भवन निर्माण हेतु 2.41 हेहै० वन भूमि का नवीनीकरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में। (Online No. FP/UK/SCH/40755/2019) |**

महोदय,

उपरोक्त विपयानुसार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून के पत्रांक संख्या फ़ाइल संख्या 8बी./यू.सी.पी./ 09/08/2021/एफ०सी०/1219 दिनांक 21/12/2021 के संदर्भ में, मांगी गयी जानकारी निम्नप्रकार है –

1- आपको अवगत कराना है कि विद्यालय में मौजूद दस्तावेज प्रवेश पंजिका को जांच करने पर यह पाया गया है कि विद्यालय में वर्ष 1978 में कुल 367 विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ था तथा वर्ष 1979 में 103 विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ था जिससे यह सिद्ध होता है कि केन्द्रीय विद्यालय ऋपिकेश का संचालन वर्ष 1978 से हुआ था | प्रवेश पंजिका की प्रति संलग्न है |
2- विद्यालय निर्माण हेतु जो भूमि आवंटित की गयी थी उससे सम्बंधित भूमि भवन का नक्शा की प्रति संलग्न है जिसे तत्कालीन डिप्टी जनरल मेनेजर(इंजिनियर) द्वारा प्रति हस्ताक्षरित किया गया था |
3- वर्ष 2003 में आई.डी.पी.एल के अधिकारियों द्वारा केन्द्रीय विद्यालय संगठन को विद्यालय भूमि, भवन एवं स्टॉफ क्वार्टर सौंपने संवंध में CPWD के मानकों के अनुसार एक मसौदा तैयार किया गया था, जिसके अनुसार केन्द्रीय विद्यालय ऋपिकेश को 21 स्टॉफ क्वार्टर और विद्यालय भूमि भवन को हस्तांतरित करने के विपय में उल्लेख किया गया था। मसौदे के अनुसार 21 स्टॉफ क्वार्टर आवंटित करने पर सहमति बन गई थी परन्तु विद्यालय भूमि-भवन के हंस्तान्तरण पर केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं आई.डी.पी.एल के मध्य सहमति नहीं वन पाई थी। (पत्र संलग्न है)

पत्र आपकी सूचना एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेपित है

भवदीया

उर्मिला

उर्मिला
प्राचार्या
प्राचार्य / प्राचार्या / Principal
के0वि0ऋषिकेश / K.V.Rishikesh